HAMIRPUR POLICE

जनपद हमीरपुर   दिनांक 01.11.2023

यातायात जनजागरूकता माह नवंबर वर्ष-2023

आज दिनांक 01.11.2023 को यातायात जनजागरूकता माह नवम्बर के प्रथम दिवस पर पुलिस लाइन हमीरपुर के परेड ग्राउंड में मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक महोदया हमीरपुर द्वारा विद्यालय की छात्रा से फीता कटवाकर कार्यक्रम का शुभारंभ करवाया गया, कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों से लगभग 350 छात्र- छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं अन्य सभी लोगो को ट्रैफिक नियमों के बारे में जानकारी दी गई व सभी को शपथ दिलायी गयी कि कभी यातायात नियम नही तोड़ेंगे एवं उनसे अपेक्षा की आप अपने परिवार/आस-पड़ोस में भी यातायात के नियमों से उनको अवगत कराएंगे, यह भी बताया गया कि जनपद के विभिन्न विद्यालयों/ सार्वजनिक स्थानों में इसी तरह के जागरूकता शिविर आगे भी आयोजित करेंगे जिससे जनमानस में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता आ सके एवं दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा उपस्थित छात्रों से यातायात जागरूकता संबंधी प्रश्न पूछे गए व सही जवाब देने वाले छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान ग्राम प्रहरियों को पुलिस अधीक्षक महोदया द्वारा साईकिल/टार्च वितरण किया गया व ग्रामों में जाकर यातायात नियमों के प्रति जनता जागरूक करने के निर्देश दिए गए।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक महोदया एवं अपर जिलाधिकारी हमीरपुर द्वारा यातायात जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जागरूकता रैली द्वारा कस्बा हमीरपुर में लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर,क्षेत्राधिकारी सदर, एसडीएम सदर, क्षेत्राधिकारी लाइन/ट्रैफिक, आर0टी0ओ0 हमीरपुर, प्रतिसार निरीक्षक, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सदर, यातायात प्रभारी हमीरपुर व अन्य संभ्रांत व्यक्ति व संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

आपकी सुरक्षा
हमारा दायित्व
यातायात जन जागरूकता अभियान माह नवम्बर 2023
शुभारम्भ दिवस
दिनांक
01 नवम्बर 2023

पुलिस

यातायात माह नवम्बर
शुभारम्भ वर्ष 2023
जनपद - हमीरपुर
शुभारम्भ दिवस
दिनांक
01 नवम्बर 2023

आपकी सुरक्षा
जागरुकता अभियान माह नवम्बर 2023

थाना बिंवार
थाना मौदहा
थाना ललपुरा
EXPLORER

ट्रैफिक नियमों को पालन करें।
हमारा दायित्व
ता अभियान माह नवम्बर 2023
कता रैली
राहुल पाण्डेय (IAS)
जिलाधिकारी
हमीरपुर
म्बर 2023
जनपद हमीरपुर